# अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस पर रैली का आयोजन

हिंदू कन्या महाविद्यालय, जींद के लोक प्रशासन विभाग द्वारा 21 सितंबर 2023 को अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस 2023 के थीम 'शांति के लिए कार्यवाही: हमारी महत्वाकांक्षा # वैश्विक लक्ष्य' पर रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉक्टर पूनम मोर ने एवं संचालन डॉक्टर रचना दलाल ने किया। डॉक्टर पूनम मोर ने बताया कि 21 सितंबर 1981 को विश्व स्तर पर शुरू किए गए इस दिवस को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 24 घंटे अहिंसा और युद्ध विराम के पालन के माध्यम से शांति आदर्शों को मजबूत करने के लिए समर्पित दिन घोषित किया है। उन्होंने यह भी कहा कि 2023 के थीम का उद्देश्य उस कार्यवाही का आह्वान है जो शांति को बढ़ावा देने के लिए हमारी व्यक्तिगत और सामूहिक जिम्मेदारी को पहचानता है। डॉक्टर रचना दलाल ने संयुक्त राष्ट्र के महासचिव के शब्दों को दोहराते हुए कहा कि 'आज शांति की पहले से कहीं अधिक आवश्यकता है। युद्ध और संघर्ष, तबाही, गरीबी और भूख को बढ़ावा दे रहे हैं, चारों ओर जलवायु अराजकता है और शांतिपूर्ण देश भी भारी असमानताओं और राजनीतिक ध्रुवीकरण की चपेट में हैं। डॉक्टर पूनम मोर एवं डॉक्टर रचना दलाल ने कहा कि यह रैली विश्व स्तर पर विश्व शांति की कामना के लिए उठाए जा रहे कदमों में महाविद्यालय का एक छोटा सा योगदान है। महाविद्यालय की 147 छात्राओं ने रैली में भाग लिया और जींद की जनता को व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से स्थाई शांति निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया। श्रीमती ज्योति जागलान का कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान रहा।














# अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस 2023 के थीम पर रैली का आयोजन

अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस पर छात्राओं द्वारा रैली में भाग लिया। (मित्तल)

जींद, 21 सितम्बर (मित्तल): हिंदू कन्या महाविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस 2023 के थीम पर रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डा. पूनम मोर ने एवं संचालन डा. रचना दलाल ने किया। डा. पूनम मोर ने बताया कि 21 सितंबर, 1981 को विश्व स्तर पर शुरू किए इस दिवस को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 24 घंटे अहिंसा और युद्ध विराम के पालन के माध्यम से शांति आदर्शों को मजबूत करने के लिए समर्पित दिन घोषित किया है।

उन्होंने कहा कि 2023 के थीम का उद्देश्य उस कार्यवाही का आह्वान है जो शांति को बढ़ावा देने के लिए हमारी व्यक्तिगत और सामूहिक जिम्मेदारी को पहचानता है। डाक्टर रचना दलाल ने संयुक्त राष्ट्र के महासचिव के शब्दों को दोहराते हुए कहा कि आज शांति की पहले से कहीं अधिक आवश्यकता है।

डा. पूनम मोर एवं डा. रचना दलाल ने कहा कि यह रैली विश्व स्तर पर विश्व शांति की कामना के लिए उठाए जा रहे कदमों में महाविद्यालय का एक छोटा सा योगदान है। महाविद्यालय की 147 छात्राओं ने रैली में भाग लिया और जींद की जनता को व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से स्थाई शांति निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया। ज्योति जागलान का कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान रहा।